पत्रिका

कोटा में पकड़ी नकली घी की फैक्ट्री, बटर ऑयल से बना रहे थे घी, यहां खपाने की थी तैयारी

बाल गोपाल डेयरी प्रॉडक्ट्स का खाद्य अनुज्ञा पत्र निलंबित

कोटा. मिलावट के खिलाफ अभियान के तहत शनिवार को राज्य स्तरीय टीम के साथ कोटा फूड सेफ्टी टीम ने एक नकली घी की फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया। फैक्ट्री में तैयार नकली घी को कई ब्रांड के नाम से बेचा जा रहा था। यहां बटर ऑयल से घी तैयार किया जा रहा था। टीम ने मौके से 6744 लीटर घी (562 कार्टन) सीज कर नमूने लिए है।

नकली घी बनाने की सूचना मिली थी

प्रदेश के खाद्य सुरक्षा व औषधि नियंत्रण विभाग के एडिशनल डायरेक्टर पंकज ओझा ने बताया कि कोटा के रानपुर इंडस्ट्रियल एरिया में बाल गोपाल फूड इंडस्ट्रीज में नकली घी बनाने की सूचना मिली थी। टीम ने फैक्ट्री में दबिश दी। वहां फैक्ट्री संचालक दिलीप सिंह ने घी को बटर ऑयल से तैयार करना बताया। बरामद नकली घी किसी भी एंगल से खाने योग्य नहीं था।

मेडिकल सर्टिफिकेट नहीं मिले

मौके पर फूड लाइसेंस नहीं मिला, जिस वजह से अग्रिम आदेश तक बाल गोपाल डेयरी प्रॉडक्ट्स का खाद्य अनुज्ञा पत्र अग्रिम आदेश तक निलंबित कर दिया गया। वहां कार्य करने वाले कर्मचारियों के मेडिकल सर्टिफिकेट नहीं मिले। पेस्टकंट्रोल सर्टिफिकेट भी नहीं मिला। यहां गुडवेल शक्तिभोग के 158 कार्टन, सोरस ब्रांड के 252 कार्टन, श्रीपरख घी के 10 कार्टन व 18 पीपे 15 लीटर के घी के 64 कार्टन, महाश्री घी के 60 कार्टन मिले, जिन्हें सीज कर पांचों ब्राण्ड के 2-2 नमूने लेकर पूरा माल कुल 562 कार्टन (6744 लीटर) घी सीज किया। सभी ब्रांड्स का घी सस्ती दर लगभग 350 रुपए किलो बेचना बताया।

Source: https://www.patrika.com/kota-news/fake-ghee-factory-caught-in-kota-ghee-was-being-made-from-butter-oil-fake-ghee-factory-caught-in-kota-ghee-was-being-made-from-butter-oil-preparations-were-being-made-to-sell-i-18686443